तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 30 दिसम्बर 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

4 कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन की हड़ताल से कार्यालयों में लटका ताला, काम काज ठप



## खबर संक्षेप

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आज

**बलरामपुर।** संयुक्त जिला कार्यालजय के सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 30 दिसम्बर को समय-सीमा की बैठक पश्चात आहूत की गई है। कलेक्टर श्री कटारा ने बैठक में संबंधित सदस्यों एवं विभागों के अधिकारियों को समय पर उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

### कैलेण्डर वर्ष 2026 हेतु स्थानीय अवकाश घोषित

**अंबिकापुर।** कलेक्टर अजीत वसंत के द्वारा सामान्य पुस्तक परिपत्र भाग-2 के अनुक्रमांक-04 के नियम-8 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले के लिए कैलेण्डर वर्ष 2026 हेतु स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। जारी आदेशानुसार, ढोल ग्यारस (करमा) 22 सितंबर 2026, दशहरा (महा अष्टमी) 19 अक्टूबर 2026 तथा दीपावली का दूसरा दिन (गोवर्धन पूजा) 09 नवंबर 2026 को स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। कोषागार/उप कोषागारों के लिए यह अवकाश नहीं होगा।

### प्रत्येक सोमवार को सुबह 10.30 बजे से होगी समय-सीमा की बैठक

**अंबिकापुर।** जिले में सप्ताह में मंगलवार को आयोजित होने वाली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक अब आगामी सप्ताह से प्रत्येक सोमवार को सुबह 10.30 बजे से जिला कलेक्टरेट कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित होगी। इस संबंध में कलेक्टर अजीत वसंत ने सर्व कार्यालय एवं विभाग प्रमुखों को पत्र जारी कर समय सीमा की बैठक में व्यक्तिगत रूप से अनिवार्यतः उपस्थित होने कहा है। उन्होंने निर्देश जारी कर कहा है कि यदि कोई अधिकारी शासकीय कार्य या अन्य कारणों से बैठक में अनुपस्थित रहता है तो बैठक से 1 दिवस पूर्व अनुमति अवश्य प्राप्त करनी होगी। अपनी अनुपस्थिति में प्रतिनिधि के रूप में विभाग के ऐसे अधिकारी को बैठक में भेजा जाए, जिसे विभागीय कार्यों के बारे में सम्पूर्ण जानकारी हो। आदेशानुसार समस्त तहसीलदार एवं मुख्य नगर पंचायत अधिकारी प्रथम एवं तृतीय सोमवार में आयोजित होने वाले समय-सीमा की बैठक में उपस्थित रहेंगे। वहीं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत द्वितीय एवं चतुर्थ सोमवार में आयोजित होने वाले समय-सीमा की बैठक में उपस्थित रहेंगे।

### कुलपति प्रो.राजेन्द्र लाकपाले लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित

**अम्बिकापुर।** संत गहिरा गुरू विवि के कुलपति प्रो.राजेन्द्र लाकपाले को अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में शैक्षणिक



उत्कृष्टता, नवाचार नेतृत्व, उच्च शिक्षा और सामुदायिक उन्नति में परिवर्तनकारी योगदान के लिए उन्हें लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। उनको यह सम्मान कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय, रायपुर के सहयोग से राष्ट्रीय कृषि विकास सहकारी लिमिटेड द्वारा कृषि, पशु चिकित्सा और विज्ञान में सतत नवाचार विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रदान किया गया।

### यात्री बस से गिरी वृद्धा उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** बसंतपुर थाना अंतर्गत ग्राम कोटराही निवासी अलवरिया पति स्व. जवाहिर (57 वर्ष) 28 दिसंबर की शाम वाड्रफनगर बाजार में खरीदारी करने के लिए यात्री बस का इंतजार कर रही थी। यात्री बस के आने पर जैसे ही वृद्धा बस में चढ़ी तभी चालक ने अचानक वाहन आगे बढ़ा दी जिससे वृद्धा अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। दुर्घटना में वृद्धा गंभीर रूप से घायल हो गई। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे वाड्रफनगर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने वृद्धा की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां आज सुबह उपचार के दौरान वृद्धा की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

---

### पुलिस ने रकम बरामद करने के साथ ही दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

# कर्मचारी ने व्यापारी के सिर पर वार कर लूट लिए 20 लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

देर रात व्यवसायी पर हमला कर 20 लाख रुपए की लूट के मामले में पुलिस ने सफलता हासिल की है।

**खास बात**

- काम से निकालने से था नाराज था मुख्य आरोपी

लूट के चंद घंटों के भीतर ही पुलिस ने लूट की रकम बरामद कर ली जबकि अब इस मामले में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पहले से व्यवसायी के मोबाइल दुकान में काम कर चुका है और काम से निकाले जाने का बदला लेने के लिए उसने वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ ही लूट की कुल रकम 20 लाख रुपए बरामद कर लिया है।

बता दें कि शहर के राम मंदिर रोड स्थित मोबाइल फोन के थोक व फुटकर विक्रेता अनिल अग्रवाल रविवार की रात 9.30 बजे दुकान बंदकर स्कूटी से घर जा रहे थे। इस दौरान उन्होंने दिनभर की कमाई लगभग 20 लाख रुपए को झोले में भरकर रखा था और रात को जब वे सत्तीपारा कैलाश मोड़ के समीप पहुंचे तो सड़क किनारे छिपकर खड़े एक युवक ने अचानक ही व्यवसायी पर बांस के डंडे से हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से व्यवसायी अनिल अग्रवाल सड़क पर गिरने के साथ ही गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि हमलावर व्यवसायी के पास मौजूद रुपयों से भरा बैग लूटकर फरार हो गया। इस दौरान घायल व्यवसायी ने घटना की जानकारी अपने परिजन को दी। व्यवसायी पर हमलाकर लूट की घटना से हड़कंप मच गया। मामले में एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो, सीएसपी राहुल बंसल के नेतृत्व में पुलिस टीम घटना स्थल पहुंची और घायल व्यवसायी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके साथ ही पुलिस द्वारा रात में ही आस पास लगे सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से आरोपियों की तलाश की जा रही थी। सीसीटीवी फुटेज में आरोपी रुपयों से भरा बैग लेकर भागते हुए नजर आ रहा था।





पुलिस गिरफ्त में लूट के आरोपी।

#### छिपकर बैठे आरोपियों को पकड़ा

घटना के बाद कोतवाली पुलिस, साइबर सेल की टीम द्वारा आरोपियों की तलाश की जा रही थी। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली की कुछ संदिग्ध जगदीशपुर में खेत में छिपकर बैठे हुए है जिसके बाद पुलिस ने मौके पर घेराबंदी की तो आरोपी भाग निकले लेकिन भागते समय रुपयों से भरा बैग गिर गया जबकि आगे जाकर उन्होंने अपनी पल्सर बाइक को भी छोड़ दिया। इस दौरान पुलिस ने रात में ही 18 लाख रुपए बरामद कर लिए थे जबकि आरोपियों की तलाश की जा रही थी। वहीं सोमवार की सुबह जगदीशपुर में खेत में छिपकर बैठे हुए आरोपियों को पुलिस ने पकड़ लिया। आरोपियों की पहचान लखनपुर अमगसी खालपारा निवासी 24 वर्षीय दीपक दास आ. जयमंगल दास व मणिपुर थाना अंतर्गत भातुपारा निवासी रोहित दास आ. भकुस दास के रुप में की गई है। पुलिस ने आरोपियों से लूट के बाद बांटे गए 1-1 लाख रुपए को भी बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 109(1), 311, 309(6), 3(5) के तहत कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली शशिकांत सिन्हा, प्रदीप जायसवाल, साइबर सेल प्रभारी अजीत मिश्रा, उनि सीपी तिवारी, सउनि अदीप सिंह, विवेक पांडेय, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, विकास सिन्हा, अजय पांडे, छत्रसाल सिंह, जयदीप सिंह, आरक्षक मनीष सिंह, विवेक राय, नितिन सिन्हा, देवेंद्र पाठक सक्रिय रहे।

#### एक महीने से बना रहे थे योजना

अब तक की जांच में यह बात सामने आई है कि लूट का मुख्य आरोपी दीपक दास पूर्व में व्यवसायी के दुकान में काम करता था लेकिन बाद में उसकी संदिग्ध गतिविधियों और गड़बड़ी के कारण व्यवसायी ने काम से निकाल दिया था और इसी बात का बदला लेने के लिए आरोपी ने योजना बनाई थी। आरोपी दीपक दास को पहले से जानकारी थी कि व्यवसायी कब और कितना रुपए लेकर जाता है। आरोपी पिछले एक महीने से रेकी करने के साथ ही लूट की प्लानिंग बना रहा था और बीती रात उसने बांस के डंडे से हमला कर लूट की वारदात को अंजाम दिया।

#### चल रही है जांच

पुलिस ने लूट के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ ही लूट की रकम 20 लाख रुपए बरामद कर लिया है। आरोपियों को जेल भेज दिया गया है और मामले की जांच चल रही है।

-अमोलक सिंह ढिल्लो
एएसपी सरगुजा

---



### अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलटी एसजीजीयू की इनोवा कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- पड़ोसी की मौत, चालक गंभीर
- मजिरा-छतरपुर चौक पर हुई दुर्घटना

लटोरी पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम मजिरा के निकट छतरपुर चौक के पास एसजीजीयू की तेज रफ्तार इनोवा कार पलट गई। दुर्घटना में इनोवा चालक के दोस्त की मौत हो गई वहीं चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

प्रबंधन को सूचना दिए बिना एसजीजीयू की इनोवा कार क्रमांक सीजी 02 5504 का चालक वाहन को लेकर अपने घर चला गया था। रविवार को सुबह उसने कुलसचिव डॉ.एसपी त्रिपाठी को फोन कर वाहन को विवि के पुराने परिसर में खड़ी करने की सूचना दी लेकिन गाड़ी लेकर नहीं पहुंचा। छुट्टी होने के कारण इस पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। चालक रविन्द्र कुमार सुबह 10 बजे अपने पड़ोसी रमेश मराने सिलेंडर लेकर निकला था। इस दौरान उसने पड़ोसी से पहले थोक सब्जी मंडी चलने एवं 10 मिनट में घर आने की बात कह निकला था। काफी समय गुजरने के बावजूद जब दोनों नहीं लौटे तो दोपहर ढाई बजे रमेश की पत्नी ने चालक को फोन कर अपने पति रमेश को तत्काल घर छोड़ने को कहा। चालक ने 10 मिनट में घर पहुंचने की सूचना भी दी। काफी समय गुजरने के बाद भी दोनों घर नहीं लौटे तो नीलम ने दोबारा चालक रविन्द्र को फोन किया तो दूसरे व्यक्ति ने फोन पर इनोवा के पलटने एवं दोनों सवारों के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना दी। बताया जा रहा है दोनों बलसेड़ी के रास्ते तेज रफ्तार से अम्बिकापुर वापस लौट रहे थे। इस दौरान मजिरा-छतरपुर चौक के पास तेज रफ्तार इनोवा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गई। दुर्घटना में इनोवा कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई वहीं चालक रविन्द्र कुमार व उसका पड़ोसी रमेश विश्वकर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची लटोरी पुलिस ने घायलों को लटोरी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के उपरांत चिकित्सक ने दोनों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया। गंभीर रूप से घायल रमेश विश्वकर्मा के परिजन ईलाज के लिए एक निजी अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घायल चालक का उपचार मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है।

#### नशे में था चालक

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार इनोवा चालक रविन्द्र कुमार शराब के नशे में था तथा तेज रफ्तार से इनोवा चला रहा था। चिकित्सकों ने भी इसकी पुष्टि की है। चालक रविन्द्र कुमार ने स्वयं भी स्वीकार किया है कि उसने अपने पड़ोसी रमेश विश्वकर्मा के साथ शराब पी थी। पीएम उपरांत पुलिस ने मृतक का शव परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मामले में मर्ग कायम कर घटना की जांच कर रही है। बताया जा रहा है शनिवार को ही चालक इनोवा कार लेकर अपने घर चला गया था। इस संबंध में एसजीजीयू के कुलसचिव डॉ.एसपी त्रिपाठी ने बताया कि मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच दल का गठन किया गया है। सुरक्षाकर्मियों एवं प्रभारियों की उपस्थिति में चालक द्वारा बिना सूचना वाहन ले जाने की जांच कराई जाएगी तथा दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

---

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

ग्राम हंसूली के समीप विपरीत दिशा से आ रहे वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा युवक घायल हो गया। बाइक सवार दोस्त को उसके घर छोड़कर वापस लौट रहे थे। ग्राम केपी निवासी महेश तिवारी आ. शिव परवेश तिवारी (23 वर्ष) रविवार को ग्राम हंसूली निवासी दोस्त को छोड़ने बाइक से उसके घर गया था। दोस्त को उसके घर छोड़ने के बाद एक अन्य दोस्त के साथ वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान हंसूली में ही विपरीत दिशा से आ रहे वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए। परिजन घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान महेश तिवारी की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### ग्राम परसागुड़ी में 350 बोरी अवैध धान जब्त



**बलरामपुर।** जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने तथा अवैध धान परिवहन पर रोक लगाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के मार्गदर्शन एवं अनुविभागीय अधिकारी देवेन्द्र प्रधान के नेतृत्व में विकासखण्ड राजपुर अंतर्गत 350 बोरी अवैध धान जब्त किया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम परसागुड़ी में सुभाष गुप्ता जनरल स्टोर में अवैध रूप से भण्डारित 350 बोरी धान जप्त कर मण्डी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। इस दौरान तहसीलदार नरेन्द्र कुमार कवर सहित संयुक्त टीम मौजूद रही।

### गिरदावरी कार्य में लापरवाही पर रामचंद्रपुर पटवारी निलंबित

**अंबिकापुर।** खरीफ विपणन वर्ष में चल रहे गिरदावरी कार्य में लापरवाही पर कलेक्टर ने पटवारी को निलंबित कर दिया है। जारी आदेश के तहत बलरामपुर जिले के रामचंद्रपुर तहसील अंतर्गत पटवारी विवेक शुभम वैभव द्वारा खरीफ मौसम में फसल गिरदावरी कार्य में भारी लापरवाही बरती गई। जांच में लापरवाही पुष्ट होने पर कलेक्टर बलरामपुर ने पटवारी विवेक शुभम वैभव को छग सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 9 के उपनियम (1) (क) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कलेक्टर (भू-अभिलेख शाखा) जिला बलरामपुर-रामानुजगंज नियत किया गया है।

### महाप्रबंधक कार्यालय के सामने हुई उठाईगिरी की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- ग्रामीण युवक की रेकी कर बैग समेत 49 हजार रुपये नगदी लेकर फरार हुए अज्ञात बाइक सवार

बिश्रामपुर थाना क्षेत्र के एसईसीएल महाप्रबंधक कार्यालय के सामने सोमवार दोपहर उठाईगिरी की घटना हुई है। अज्ञात बाइक सवार युवकों ने एक ग्रामीण युवक का पीछा कर उसकी बाइक में रखा बैग को मौका देख पार कर दिया, जिसमें 49 हजार रुपये नगद, पशुओं की दवाइयां और बैंक पासबुक रखी हुई थी। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जयनगर थाना क्षेत्र के राजापुर निवासी अमरनाथ सिंह पिता शिवनाथ सिंह ग्रामीण गौ सेवक का कार्य करता है। सोमवार दोपहर वह एसबीआई बिश्रामपुर शाखा से अपने बचत खाते से 49 हजार रुपये की निकासी कर घर में चल रहे कार्य के लिए मजदूरों को भुगतान करने जा रहा था। बैंक से निकलने के बाद वह एसईसीएल महाप्रबंधक कार्यालय के सामने स्थित शारदा जनरल स्टोर में किराना सामान खरीदने रुका। उसने अपनी बाइक खड़ी कर बैग को बाइक में ही रखा और दुकान के भीतर चला गया, पीड़ित ने बताया कि जैसे ही वह दुकान की सीढ़ी चढ़ रहा था तभी बैंक से पीछा कर रहे दो अज्ञात बाइक सवार युवकों ने उसकी बाइक में रखा बैग निकाल लिया और तेजी से अंबिकापुर रोड की तरफ फरार हो गए। घटना दोपहर करीब 12.30 बजे की बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी अनुसार घटना के बाद दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे के फूटेज में दो युवक बैग लेकर भागते हुए हुए दिख रहे हैं। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि कैमरे फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर जल्द ही धरपकड़ कार्यवाही की जाएगी।

### सरगुजा पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश, लखनपुर में स्वागत

**अम्बिकापुर।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सोमवार को सरगुजा पहुंचे। इस दौरान वे विभिन्न निजी कार्यक्रमों में शामिल हुए। इसके साथ ही वे सूरजपुर जिले में कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होंगे। पूर्व सीएम के सरगुजा आगमन पर लखनपुर में जगह जगह स्वागत किया गया। बताया जा रहा है कि 30 दिसम्बर को सूरजपुर में कांग्रेस का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया है। इसी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरगुजा पहुंचे। पूर्व सीएम श्री बघेल देर शाम सरगुजा पहुंचे। इस दौरान लखनपुर में युवा कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इसके साथ ही पूर्व सीएम ने शहर में विभिन्न निजी कार्यक्रमों में शामिल हुए। श्री बघेल सोमवार को सरगुजा में विश्राम करेंगे इसके साथ ही वे 30 दिसम्बर को कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होंगे।



### परिजन से विवाद कर वृद्ध ने पी लिया किटनाशक, मौत

**अम्बिकापुर।** बसंतपुर थाना अंतर्गत ग्राम कोलुआ निवासी राम नारायण आ. स्व. शीतल (65 वर्ष) 22 दिसंबर को राशन दुकान से चावल लेकर घर आया और शराब पीने लगा। इसी बीच नशे की हालत में परिजन से विवाद करना शुरू कर दिया। विवाद बढ़ जाने पर वृद्ध ने कीटनाशक पी लिया। परिजन ने वृद्ध को तत्काल वाड्रफनगर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने वृद्ध की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान वृद्ध की मौत हो गई।

#### फेडरेशन की हड़ताल के कारण शामिल नहीं हो पाए सभी सदस्य, अब 29 जनवरी को होगी सुनवाई

## फिर टल गई विधायक के जाति प्रमाण पत्र की सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रतापपुर विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते की जाति प्रमाण पत्र के मामले में होने वाली सुनवाई एक बार फिर से टल गई है। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की हड़ताल के कारण सत्यापन समिति में शामिल सदस्य नहीं आए जिससे कोरम पूर्ति नहीं हो पाई। यही वजह है कि अब समिति के अध्यक्ष अपर कलेक्टर ने 29 जनवरी को अगली सुनवाई की तिथि निर्धारित की है। इधर अगली तिथि में सुनवाई कर प्रकरण का निराकरण नहीं करने पर समाज ने आंदोलन की चेतावनी दी है।

बता दें कि प्रतापपुर विस क्षेत्र से विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते के जाति प्रमाण पत्र मामले को लेकर 29 दिसम्बर को जिला स्तरीय जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति के समक्ष सुनवाई होनी थी। पिछली सुनवाई के दौरान एसडीएम कार्यालय वाड्रफनगर से कुछ दस्तावेज पेश करने के निर्देश दिए गए थे जिसके बाद सोमवार को यह सुनवाई होने वाली थी लेकिन इस बीच कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के बैनरतले अधिकारी कर्मचारी हडताल पर चले गए है और इस हड़ताल का असर होने वाली सुनवाई पर भी पड़ा। सुनवाई के दौरान समिति के सदस्यों के मौजूद नहीं रहने के कारण समिति के अध्यक्ष अपर कलेक्टर बलरामपुर ने प्रकरण की सुनवाई 29 जनवरी को करने की तिथि दी है। इसे लेकर विधायक की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता बृजेन्द्र पाठक ने बताया कि प्रारंभिक आपत्ति पहले ही प्रस्तुत की जा चुकी है, जिस पर आज तर्क होना था। कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने के कारण समिति के सदस्य उपस्थित नहीं थे, इसलिए सुनवाई संभव नहीं हो सकी। समिति अध्यक्ष द्वारा अब अगली सुनवाई 29 जनवरी 2026 को रखी गई है। वहीं इस मामले में सर्व आदिवासी समाज की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता डॉ. जेपी श्रीवास्तव ने बताया इस प्रकरण में हाईकोर्ट ने जल्द से जल्द प्रकरण का निराकरण करने के निर्देश दिए थे। नियम में भी 30 दिनों में निर्णय देने का प्रावधान है लेकिन अधिकारी लेट कर रहे है। पीठासीन अधिकारी ने यह भी कहा है कि दोनों पक्ष अपने-अपने तर्क लिखित रूप में प्रस्तुत करें, जिसके बाद एक सप्ताह के भीतर निर्णय दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जाति प्रमाण पत्र त्रुटिपूर्ण है, यह प्रमाणित करने का भार उनपर है जिनका जाति प्रमाण पत्र है लेकिन वे दस्तावेज देने को तैयार नहीं है। जाति प्रमाण पत्र में पिता कि जगह पति का नाम है। सरनेम बदलने से जाति नहीं बदल जाती है यह कानूनन अवैध है।

इधर इस मामले में आंदोलन की अगुवाई कर रहे अजजा आयोग के पूर्व अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने बताया कि कोरमपूर्ति के आभाव में तिथि बढ़ाई गई है लेकिन यदि अगली तिथि में सुनवाई कर हमें संतुष्ट नहीं किया जाता है तो आन्दोलन किया जाएगा।



### आरटीओ ई चालान भुगतान के लिए करें विभाग के वेबसाइट का उपयोग

**अंबिकापुर।** आरटीओ ई चालान के माध्यम से ठगी करने के मामले सामने आ रहे है। ठगों द्वारा विभाग का फर्जी वेबसाइट बनाकर लोगों से ठगी की जा रही है। जिसे लेकर विभाग ने विभाग ने लोगों से जागरूक और सतर्क रहने का आह्वान किया है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी विनय सोनी ने बताया कि राज्य में आरटीओ ई चालान से संबंधित स्कैम सामने आ रहे हैं, जिसमें विभागीय वेबसाईट का क्लोन पेज बनाकर ई चालान के माध्यम से लोगों को ट्रैफिक नियम तोड़ने के बारे में छद्म तरीके से डराने वाले मैसेज के माध्यम से लिंक भेजकर आम लोगों की व्यक्तिगत जानकारी और जमा खाते से पैसे चुरा लेते है। परिवहन विभाग द्वारा आम लोगों से यह आह्वान किया है कि ऐसी धोखाधड़ी से बचने के लिए मैसेज लिंक (जैसे एपीके फाईल, किसी व्यक्तिगत नंबर से भेजे गये मैसेज लिंक पर क्लिक न करें। अपने वास्तविक चालान की जांच करने के लिए आधिकारिक विभागीय वेबसाइट पर जाकर ई-चालान के पेज पर पे ऑन लाइन पर क्लिक कर चालान नंबर एवं कैप्चा कोड डालकर गेट डिटेल पर क्लिक कर मोबाईल ओटीपी डालकर चालान विवरण संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। पुलिस एवं परिवहन के प्रवर्तन अमले द्वारा जब भी ई चालान किया जाता है।

## खबर संक्षेप

### सीएमएचओ ने बीपीएचयू का किया औचक निरीक्षण

**बैकुण्ठपुर।** प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन (पीएम-अभिम) के अंतर्गत निर्माणाधीन बीपीएचयू सोनहत का सोमवार को जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. आयुष जायसवाल एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक अशरफ अंसारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लिया गया। सीएमएचओ डॉ. प्रशांत सिंह ने संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी को गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने तथा निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए पीएम-अभिम अंतर्गत बनाए जा रहे भवनों की गुणवत्ता सर्वोपरि है, जिससे आम नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। निरीक्षण के दौरान आवश्यक सुधारात्मक बिंदुओं पर भी दिशा-निर्देश दिए गए।

### सलबा समिति में धान खरीदी सीमा बढ़ी



**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले के किसानों के हित में आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित सलबा की अध्यक्ष एवं प्राधिकृत अधिकारी तथा जनपद सदस्य श्रीमती धर्मवती राजवाड़े की प्रभावी पहल पर बड़ा निर्णय लिया गया है। कलेक्टर ने उनकी मांग को स्वीकार करते हुए 1 जनवरी 2026 से प्रतिदिन धान खरीदी की सीमा 1300 क्विंटल से बढ़ाकर 2000 क्विंटल करने का आश्वासन दिया है। इस निर्णय से क्षेत्र के सैकड़ों किसानों को बड़ी राहत मिलेगी तथा धान विक्रय की प्रक्रिया और अधिक तेज, पारदर्शी एवं सुचारू रूप से संपन्न हो सकेगी। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा जगदीश सिंह, पूर्व महामंत्री भाजपा रामसुंदर राजवाड़े, महामंत्री किसान मोर्चा राजेन्द्र देवांगन एवं भाजपा युवा नेता अमीरचंद विशेष रूप से उपस्थित रहे। स्थानीय किसानों ने समिति अध्यक्ष श्रीमती धर्मवती राजवाड़े के सशक्त नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि यह निर्णय किसान हित में मील का पत्थर साबित होगा।

### खाद बनाने बनाई गई टंकी की हालत खराब



**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले में कचरे से खाद बनाने के लिए छोटी टंकी का निर्माण कई पंचायतों में कराया गया था, लेकिन अब ज्यादातर जगहों पर बनाई गई टंकी का उपयोग नहीं हो रहा है, इसके चलते कई हितग्राहियों के नाम पर बनाए गए छोटी टंकी में घास की झाड़ियां उग आई है। सरकार द्वारा गोबर एवं कचरे से खाद बनाने के उद्देश्य से जिले के कई पंचायतों में पक्की छोटी-टंकी बनाई गई थी, जिसकी सहायता से खाद बनाने की कवायद कम ही दिखाई देती है। सोनहत जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत मधौरा में कई हितग्राहियों के नाम कचरा एवं गोबर से खाद बनाने के लिए छोटी टंकी का निर्माण कराया गया था, लेकिन यहां कई हितगाहियों के नाम बने छोटी टंकी का उपयोग खाद बनाने के लिए नहीं किया जा रहा है, इसके चलते बनाई गई टंकी में घास फूस व झाड़िया उग आई है। पंचायत को इसे लेकर जनजागरूकता लाकर इसके उपयोग सुनिश्चित करने की दिशा में पहल करने की जरूरत है ताकि घर का कचरा एवं गोबर से जैविक खाद का निर्माण हो सके और उसका उपयोग हो सके।

### रतन टाटा मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन

**बैकुण्ठपुर।** रतन टाटा मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन रिद्धि सिद्धि शिक्षण संस्थान समिति द्वारा 22 से 28 दिसंबर तक मिनी स्टेडियम स्कूलपारा बैकुंठपुर में किया गया था।

---

### स्थानीय ग्रामीणों को मिल रही आर्थिक मदद, सोनहत इलाके से तोड़े जाते हैं पत्ते

# कोरिया के माहुल पत्ते की बिक्री दक्षिण भारत तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

अब तक कोरिया जिले की पहचान न सिर्फ कोयला खदान एवं प्राकृतिक सुंदरता के लिए ही जाना जाता था, लेकिन महुलाइन यानी माहुल पत्ता भी कोरिया जिले को नई पहचान दिला रहा है। कोरिया जिले से भारी मात्रा में महुलाइन का पत्ता दक्षिण भारत के आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे राज्यों में बीते कई सालों से भेजा जाता रहा है और आज भी बडे पैमाने पर महुलाइन का पत्ता कोरिया से दक्षिण भारत के कई राज्यों में भेजा जाता है।

जानकारी के अनुसार महुलाइन जिसे माहुल भी कहा जाता है कोरिया जिले में बीते कई वर्षों पूर्व से बडे पैमाने पर व्यापारियों द्वारा कोरिया से दक्षिण भारत के कई राज्यों के लिए भेजा जाता है। कोरिया जिले के घने जंगलों में मिलने वाला महुलाइन पत्ता स्थानीय ग्रामीणों के आर्थिक मजबूती का बड़ा जरिया बन गया है। कोरिया जिले के सोनहत जनपद क्षेत्र के जंगलो में प्रतिवर्ष भारी मात्रा में महुलाइन का पत्ता तोड़कर एकत्र किया जाता है, जिन्हें एकत्रित कर बडे व्यापारियों के द्वारा दक्षिण भारत के राज्यों में बड़े स्तर पर भेजा जाता है।



तोड़ गए माहुल के पत्ते।

जानकारी के अनुसार कोरिया जिले में महुलाइन पत्ते सोनहत जनपद के घने जंगलों में बड़ी मात्रा में प्रतिवर्ष तोड़ा जाता है, जिसे व्यापारियों द्वारा खरीदी कर कई प्रदेशों को भेजा जाता है। यही कारण है कि माहुल पत्ते की तोड़ाई से ग्रामीण क्षेत्रों के सैकड़ों महिलाओं एवं लोगों को रोजगार के अवसर मिले हैं, जिससे कि ग्रामीण क्षेत्रों के महिलाओं युवाओं की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने की दिशा में माहुल पत्ते का विशेष योगदान रहा है।

स्थानीय स्तर बड़ी संख्या में लोग जंगलों में माहुल पत्ते तोड़ने के काम में जुटते हैं और फिर व्यापारियों को बेच देते हैं। छोटे व्यापारी ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को माहुल पत्ते तोड़ने में लगाते हैं और छोटे व्यापारी माहुल पत्ते को थोक में खरीदी कर लेते हैं। कोरिया जिले में यह व्यापार बीते कई वर्षों से फल फूल रहा है। माहुल पत्ता तोड़ने का कार्य स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार देने के साथ साथ आर्थिक स्थिति भी मजबूत कर रहा है।

#### पत्तों की दक्षिण भारत में मांग

माहुल के पत्तों की दक्षिण भारत में भारी मांग रहती है। जानकारी के अनुसार दक्षिण भारत में पारंपरिक रूप से भोजन परोसने मंदिरों में प्रसाद विवरण एवं शादियों में इस पत्ते के बनाए दोना-पत्तल का उपयोग किया जाता है। माहुल का चौड़ी पत्ती होने के कारण ज्यादा उपयोग होता है, प्लास्टिक और थर्मोकोल का एक बेहतरीन विकल्प होने के साथ साथ इको फ्रेंडली भी है।

#### दोना-पत्तल के साथ अन्य उपयोग

जानकारी के अनुसार माहुल पत्तों का तो वैसे दोना-पत्तल बनाने में ज्यादा उपयोग किया जाता है, लेकिन कोरिया जिले के कई ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ लोग अनाज रखने के लिए छोटे पात्र घड़ा के आकार का भी बनाते हैं। माहुल पत्ता चौड़ी होने के साथ मजबूत भी होता है, कच्ची हालत में पत्तों से छोटे साइज के पात्र भी बनाते हैं जो सालो साल टिकते हैं। जिले के सोनहत जनपद क्षेत्र में कई ग्रामीण परिवारों के यहां माहुल पत्तों से बने छोटे पात्र देखे जा सकते हैं।

---



धरना पर शामिल अधिकारी-कर्मचारी।

# 11 सूत्रीय मांगों को लेकर जमकर गरजे कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के बैनर तले घोषित प्रदेशव्यापी हड़ताल की शुरूआत सोमवार को कोरिया जिले के प्रेमाबाग बैकुंठपुर स्थित धरना प्रदर्शन स्थल से की गई।

■ प्रेमाबाग में धरना प्रदर्शन शुरु

हड़ताल के प्रथम दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ छग महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पण कर राजगीत के साथ किया गया। इस अवसर पर जिलेभर से विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी एवं काफी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। हड़ताल के दौरान सभी वक्ताओं ने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर अपनी-अपनी बातें रखीं तथा शासन के प्रति आक्रोश व्यक्त किया। साथ ही आंदोलन को प्रभावी एवं व्यापक बनाने को लेकर आगामी रणनीति पर भी विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला प्रवक्ता सुरेश एक्का एवं अमृतांशु मिश्रा द्वारा किया गया। इस आंदोलन में सभी जिला पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण हड़ताल स्थल पर उमड़ी भारी भीड़ से देखने को मिला।

---

# भाजयुमो ने पूर्व सीएम का फूंका पुतला

**बैकुंठपुर।** जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष राहुल योगराज के निर्देश एवं भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी के मार्गदर्शन में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का प्रदेश भर में पुतला दहन किया। कांग्रेस पार्टी के नेता हमेशा सनातन धर्म और साधु-संतो का अपमान करते रहे हैं।



भाजयुमो जिलाध्यक्ष सतेन्द्र राजवाडे ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं ने हमारे साधु-संतों का अपमान किया हैं। कांग्रेस पार्टी जो लगातार सनातन का विरोध करती है वे अब कुछ राज्यों तक ही सीमित हो गए है और आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी कहीं नहीं होगी। भाजयुमो जिला महामंत्री सुश्री साक्षी सिंह राजपूत ने कहा कि सनातन धर्म का विरोध पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ कई कांग्रेसी नेताओं ने किया है। भाजयुमो जिला महामंत्री मनोज साहू ने कहा कि रामसेतु की जब बात आई तब कांग्रेसियों ने कहा कि यह काल्पनिक है, भगवान राम को कांग्रेसियों ने काल्पनिक कहा। राम मंदिर बनने और आमंत्रण मिलने के बाद भी गांधी-परिवार दर्शन करने नहीं गया। इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व नपाध्यक्ष शैलेश शिवहरे, जिला मंत्री शारदा गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, मंडल अध्यक्ष अनिल खटिक, भाजयुमो जिलाध्यक्ष सतेन्द्र राजवाड़े, मंडल महामंत्री रमन गुप्ता, रवि त्रिपाठी, भाजयुमो जिला महामंत्री सुश्री साक्षी सिंह राजपूत, मनोज साहू, जिला मंत्री रमेश तिवारी, पार्षद अभिनेद्र सिंह चंदेल, बिजेन्द्र जायसवाल, दिलीप राजवाड़े, मनीष साहू, रोशन राजवाड़े, विकास दुबे आदि उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग की ली समीक्षा बैठक

**बैकुण्ठपुर।** जिले में मातृ मृत्यु दर को कम करने तथा उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट कोरिया में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा नीति आयोग के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया कि एचआरपी अर्थात उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को निर्धारित 25 इंडिकेटर्स के आधार पर चिन्हांकित कर उनकी नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित की जाए। इस कार्य में मितानिन, मितानिन ब्लॉक समन्वयक, मितानिन प्रशिक्षक, जिला समन्वयक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि एचआरपी गर्भवती माताओं की लाइन लिस्टिंग आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों पर अनिवार्य रूप से की जाए तथा इसकी जानकारी सभी मितानिनों को उपलब्ध हो।

# राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में अनूपपुर की बेटियों ने फहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिजुरी

पेशा महोत्सव के अंतर्गत आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में अनूपपुर जिले की कोतमा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत बैहाटोला की दो होनहार बेटियों ने जिले का नाम राष्ट्रीय पटल पर रोशन किया है।

बैहाटोला निवासी पार्वती सिंह एवं सुषमा सिंह ने कबड्डी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए न केवल फाइनल मुकाबले तक अपनी जगह बनाई, बल्कि उपविजेता बनकर अपने गांव सहित समूचे अनूपपुर जिले का मान बढ़ाया है। गौरतलब है कि सीमित संसाधनों और अभ्यास की पर्याप्त सुविधाओं के अभाव के बावजूद इन बालिकाओं ने कड़ी मेहनत, आत्मविश्वास और जज्बे के बल पर राष्ट्रीय प्रतियोगिता तक का सफर तय किया। यह उपलब्धि ग्रामीण अंचल की प्रतिभाओं की छिपी ताकत को दर्शाती है। प्रतियोगिता में राजस्थान, झारखंड, छग एवं मध्यप्रदेश की टीमों ने भाग लिया। फाइनल



मुकाबला आंध्रप्रदेश के हैदराबाद में झारखंड की टीम के साथ हुआ। दसमें कड़े संघर्ष के बाद पार्वती सिंह और सुषमा सिंह की टीम उपविजेता रही। इनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि से न केवल बैहाटोला गांव में बल्कि पूरे जिले में हर्ष का माहौल है। खेल प्रेमियों, ग्रामीणजन एवं जनप्रतिनिधियों ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई दी हैं।

---

# महात्मा गांधी व राजीव की प्रतिमाएं अंधेरे में



**चरचा कॉलरी।** नगर के ऐतिहासिक और सार्वजनिक स्थलों की हालत यह है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की प्रतिमाएं आज अंधेरे, गंदगी और उपेक्षा के साए में खड़ी हैं। महात्मा गांधी पार्क एवं राजीव गांधी चौक में न तो नियमित साफ-सफाई की व्यवस्था है और न ही रात्रिकालीन प्रकाश की समुचित व्यवस्था। अंधेरे के कारण ये स्थान धीरे-धीरे असामाजिक गतिविधियों का केन्द्र बनते जा रहे हैं। शाम होते ही इन पार्कों और चौकों में शराब, गांजा जैसे नशीली पदार्थों का खुलेआम सेवन किया जाता है, जिससे क्षेत्र का सामाजिक वातावरण दूषित हो रहा है। हाल ही में नगर पालिका क्षेत्र में निर्मित अटल परिसर का लोकार्पण समारोह बड़े ही धूमधाम से संपन्न हुआ।

### पानी की समस्या से मिली राहत

**बैकुण्ठपुर।** सिंचाई के अभाव में वर्षों तक वर्षा पर निर्भर रहने वाले किसान रघुनाथ के जीवन में विकसित भारत रोजगार व आजीविका गारंटी मिशन-ग्रामीण (वीबीजी राम जी) ने आत्मनिर्भरता की नई राह खोल दी है। कोरिया जिले के सोनहत जनपद पंचायत के तहत ग्राम मधौरा निवासी किसान रघुनाथ अब खेत में बने कुएं के माध्यम से सिंचाई कर खरीफ और रबी दोनों फसलों का सफल उत्पादन कर रहे हैं। किसान रघुनाथ के पास लगभग दो से तीन एकड़ कृषि योग्य भूमि है, लेकिन पूर्व में सिंचाई सुविधा न होने के कारण वे केवल परंपरागत धान की खेती तक सीमित थे। बारिश कम होने पर रोपाई और फसल दोनों प्रभावित होती थीं। साथ ही पूरे वर्ष खेत सूखे रहते थे और परिवार को दैनिक उपयोग एवं पेयजल के लिए सार्वजनिक हैंडपंप पर निर्भर रहना पड़ता था। आवेदन के पश्चात ग्राम सभा के प्रस्ताव अनुसार उनके खेत में कुआं निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई। इसके लिए 2 लाख 16 हजार रूपए की राशि स्वीकृत की गई।

# खदौरा हाट बाजार में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने निर्देश व मार्गदर्शन में खदौरा हाट बाजार, जिला कोरिया में आयुष विभाग द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का उद्देश्य आम नागरिकों तक आयुष सेवाओं का विस्तार करना, परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा मौसम अनुरूप आहार-विहार की जानकारी देना था। जिला आयुष अधिकारी डॉ. एलविना ग्रेस टोप्पो ने बताया कि बदलते जीवनशैली, खानपान और अनियमित दिनचर्या की वजह से अनेक बीमारी होने की आशंका बढ़ जाती है। मौसम के उतार-चढ़ाव की वजह से भी बीमारी होते हैं। ऐसे समय में होने वाले बीमारियों के बचाव के उपाय के बारे में आम लोगों को जानकारी दी जाती है और जांच, उपचार तथा निःशुल्क दवाई वितरण भी की जाती है। उन्होंने बताया कि योगाभ्यास के लिए भी आम लोगों को प्रेरित करते हैं। उन्होंने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास करें साथ दैनिक दिनचर्या को सुधार करें। उन्होंने बताया कि शिविर के दौरान स्वास्थ्य जांच, जागरूकता कार्यक्रम एवं निःशुल्क दवा वितरण किया गया। इसमें आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति से 87 तथा यूनानी चिकित्सा पद्धति से 52 मरीजों का उपचार किया गया।

इस प्रकार कुल 139 रोगियों को चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गईं। इसके अलावा दूरस्थ ग्राम इंद्रपुर में भी स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 49 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाओं का वितरण किया गया। आयुष विभाग के इस प्रयास से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ी है और लोगों में आयुष चिकित्सा के प्रति जागरूकता देखने को मिली। कार्यक्रम में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरएस यादव, यूनानी चिकित्सा अधिकारी डॉ. नाजिया अंसारी, आयुष चिकित्सक डॉ. सौरभ सिंह एवं रामरती आरएचओ, फार्मासिस्ट रोहित भार्या, प्रशांत सिंह एवं श्रवण वार्ड बॉय का सक्रिय योगदान रहा।

---

### फुटबॉल मैदान में विशाल हिन्दू सम्मेलन

# संस्कारित युवा पीढ़ी ही मजबूत भारत की पहचान: सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगर

जिले फुटबॉल मैदान उमझर में विशाल हिन्दू सम्मेलन का ऐतिहासिक आयोजन किया गया। इसमें नगर मंडल के उमझर, बिशुनपुर, जूनापारा, फूलपुर, दुर्गापुर, रटंगा सहित आसपास के क्षेत्रों से हजारों हिन्दू परिवारों ने सहभागिता कर एकता के सूत्र में बंधकर अपनी सांस्कृतिक एवं धार्मिक आस्था का परिचय दिया।

सम्मेलन के दौरान करमा, सुआ, भजन जैसी पारंपरिक एवं भक्तिमय सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को भाव-विभोर कर दिया। मुख्य वक्ता नर सिंह ने हिन्दू समाज को राष्टीय एकता एवं अखंडता बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाज को जात-पात से ऊपर उठकर, सभी तीज-त्योहारों को बिना भेदभाव एक साथ उत्सव के रूप में मनाना चाहिए। साथ ही उन्होंने आज की युवा पीढ़ी को संस्कारवान, अध्यात्म और धर्म-संस्कृति से जुड़ते हुए आधुनिकता की ओर बढ़ने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सबल व्यक्ति और संगठित परिवार ही सशक्त राष्ट का निर्माण करते हैं, तथा संस्कारित युवा पीढ़ी ही मजबूत भारत की पहचान है । इस अवसर पर क्षेत्र की अनेक सांस्कृतिक टीमों ने आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। इसमें प्रमुख रूप से अंजनी पुत्र मानस परिवार ढोढ़ीबहरा, मानस परिवार चिल्का, मानस मंडली मेकोसलबा, मानस मंडली उमझर, सुआ टीम घुघरा, गणेश करमा दल खुटरापारा, योग स्पोर्ट्स क्लब उमझर, मां शारदा डांस क्लब उमझर एवं बालिका डांस टीम शामिल रहीं। मंडल के सभी ग्रामों के सनातनी परिवारों के सहयोग से महाप्रसाद भोजन भंडारे का भी आयोजन किया गया। यह आयोजन हनुमान सेवा समिति नगर विशुनपुर के संयुक्त तत्वावधान में तथा उमझर के युवाओं के विशेष सहयोग से संपन्न हुआ।




कार्यक्रम में विभिन्न समाजों के लगभग 20 प्रमुख प्रतिनिधियों ने विशेष अतिथि के रूप में सहभागिता की। इनमें कंवर समाज से शिवप्रसाद पैकरा,राजवाड़े समाज से रामबदन राजवाड़े एवं बृज राजवाड़े, नाई समाज से नंदू सेन,गोंड समाज से सरपंच मोती सिंह, कुम्हार समाज से कवलसाय चक्रधारी,चेरवा समाज से रज्जूराम सोनपाकर, पनिका समाज से सुरेश मानिकपुरी, उरांव समाज से सुश्री संध्या भगत सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों को आयोजन समिति द्वारा स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया तथा समाज में एकता और अखंडता बनाए रखने पर बल दिया गया। आयोजन समिति में राजू मिश्रा, शिवप्रसाद राजवाड़े, राजेन्द्र प्रसाद राजवाड़े, सीताराम मानिकपुरी, सुकवाजर पंडो, जगलाल सिंह, मदन राजवाड़े, गंगाराम राजवाड़े सहित काफी संख्या में कार्यकर्ताओं एवं युवाओं का उल्लेखनीय योगदान रहा। कार्यक्रम संचालन में संतोष सिंह शिक्षक, सुरेश मानिकपुरी शिक्षक, अधिवक्ता सुश्री संध्या भगत, इंजीनियर रवि प्रजापति, नवनीत कुशवाहा, अनुपम राजवाड़े, शिक्षक सुरेन्द्र राजवाड़े शिक्षक, कमलेश राजवाड़े आदि का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन इंजीनियर प्रशांत राजवाड़े ने किया एवं आभार प्रदर्शन शिवप्रसाद राजवाड़े द्वारा किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि जनपद सदस्य श्रीमती धर्मवती राजवाड़े, जनपद सदस्य श्रीमती हेमपुष्पा सिंह, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सौभाग्यवती सिंह सहित हजारों श्रद्धालु एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

---




भ्रमण के लिए रवाना होते छात्र।

# विज्ञान में उत्कृष्ट 10 छात्र शैक्षणिक भ्रमण के लिए भोपाल रवाना

**बैकुण्ठपुर।** राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत 29 दिसंबर को जिले के विज्ञान विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 10 विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए साइंस सेंटर, भोपाल रवाना किया गया।

जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार राय एवं सहायक संचालक जितेन्द्र गुप्ता द्वारा विद्यार्थियों को आवश्यक दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन प्रदान कर यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी गईं। उन्होंने विद्यार्थियों से विज्ञान के प्रति जिज्ञासा बनाए रखते हुए भ्रमण के दौरान प्राप्त ज्ञान को अपने विद्यालय एवं साथियों के साथ साझा करने की अपील की। यह शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार एवं प्रयोगात्मक ज्ञान को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। शैक्षणिक भ्रमण के लिए चयनित विद्यार्थियों की सूची हरिओम रजवाड़े सेजेस चरचा, दीपांशु राजवाड़े सेजेस चरचा, पंकज साहू हायर सेकेंडरी स्कूल रनई, अनुराग कृष्ण पाण्डेय हायर सेकेंडरी स्कूल रनई, सत्येन्द्र कुमार पैकरा रामानुज बैकुंठपुर, राधेश्याम पैकरा रामानुज बैकुंठपुर, चंद्रकांत हायर सेकेंडरी स्कूल कुड़ेली, सुजल सोनी हायर सेकेंडरी स्कूल कुड़ेली, प्रतीक गुप्ता सेजेस सोनहत, मो. हमजा सेजेस बैकुंठपुर शामिल रहे। इस अवसर पर प्राचार्य सेजेस बैकुंठपुर लाल मोहम्मद अंसारी, राष्टीय आविष्कार अभियान प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार सिंह, गाइड शिक्षक कमल डडसेना व्याख्याता सेजेस चरचा तथा शिक्षक माध्यमिक शाला बासनपारा बृजलाल दीवान सहित अन्य अधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### युवा उत्सव में सरगुजा की रॉक बैंड टीम ने हासिल किया द्वितीय स्थान

**अम्बिकापुर।** बिलासपुर में बहतराई में आयोजित राज्य स्तरीय युवा उत्सव में सरगुजा के इकतारा द फ्यूजन बैंड ने हिस्सा लिया। राज्य खेल प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित प्रतियोगिता के दौरान सरगुजा के रॉक बैंड टीम ने द्वितीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता के दौरान रॉक बैंड विधा में 33 टीमों ने हिस्सा लिया। वहीं युवा महोत्सव 2025-26 में डॉ मानक टंडनके मार्गदर्शन में शासकीय नवीन संगीत महाविद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा लोकगीत विधा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। रॉक बैंड टीम से प्रतियोगिता में शिवम सोनी, अदिति श्रीवास्तव, आस्था जायसवाल, रोशनी सेन, शन्नो रावत, राधिका दास, रूपक महंत, सौरभ रावत, प्रवीन मानिकपुरी, महेश कुमार, हरेंद्र कुमार, छत्रपाल चौधरी, भावेश कुमार, प्रमोद रजवाड़े शामिल हुए।

### भाजयुमो ने फूंका सनातन विरोधी बघेल का पुतला



**रामानुजगंज।** भारतीय जनता युवा मोर्चा ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं सनातन विरोधी भूपेश बघेल का पुतला दहन किया। भाजयुमो जिलाध्यक्ष अध्यक्ष मंगलम पांडेय ने कहा कि सनातन धर्म का विरोध पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ कई कांग्रेसी नेताओं ने किया है। भूपेश बघेल अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा एवं पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री का विरोध कर रहे है इससे स्पष्ट होता है कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं को इनका विरोध करने का स्क्रीप्ट किसी ने दिया हो। उन्होंने कहा कि रामसेतु की जब बात आई तब कांग्रेसियों ने कहा कि यह काल्पनिक है, भगवान राम को कांग्रेसियों ने काल्पनिक कहा। कांग्रेस नेताओं ने साधु-संतों का अपमान किया हैं। पुतला दहन के दौरान विजय प्रताप सिंह, जगनारायण सिंह, अमित सिंह, नंदकिशोर गुप्ता, विक्रम गुप्ता, प्रमत मलिक, विकास यादव, कुणाल गुप्ता अमित सहित अन्य उपस्थित रहे।

### राष्ट्र निर्माण में कांग्रेस की ऐतिहासिक भूमिका : परवेज

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी,अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महासचिव परवेज़ आलम गांधी ने कहा कि देश को आजादी



दिलाने से लेकर स्वतंत्र भारत में लोकतंत्र को सशक्त, समावेशी और संवैधानिक मूल्यों पर आधारित बनाए रखने तक भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का राष्ट्र निर्माण में ऐतिहासिक भूमिका है। कांग्रेस पार्टी सदैव संविधान की रक्षा, लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत करने और देश की विविधता में एकता को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध रही है। किसानों के अधिकारों की सुरक्षा, युवाओं के सशक्तिकरण, महिलाओं के सम्मान तथा वंचित, पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्गों के हक की लड़ाई कांग्रेस ने निरंतर दृढ़ संकल्प के साथ लड़ी है। स्वाधीनता संग्राम की ज्वाला से लेकर आधुनिक भारत के निर्माण तक कांग्रेस का इतिहास त्याग, बलिदान और जनसेवा की गौरवशाली परंपरा का प्रतीक रहा है।

दर्जनों परिवार के समक्ष गहराया पेयजल संकट

# तातापानी में हो रहे नाली निर्माण के दौरान जलापूर्ति की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

तातापानी क्षेत्र के राजकुमारी टोला में हो रहे नाली निर्माण में बरती जा रही लापरवाही अब क्षेत्र के लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। आलम यह है कि जेसीबी से नाली खुदाई के दौरान सड़क किनारे जलापूर्ति के लिए लगाए गए पाइप लाइन जगह-जगह क्षतिग्रस्त हो गए है जिससे दर्जनों परिवार के समक्ष अब पेयजल संकट कराने लगा है। ग्रामीणों ने पाइप लाइन मरम्मत करने के साथ स्थाई समाधान किए जाने की मांग की है।

**खास बात**

■ नल जल योजना के तहत घरों में लगाए गए हैं नल

राष्ट्रीय राजमार्ग 343 के अंतर्गत तातापानी राजकुमारी टोला में चल रहे नाली निर्माण कार्य के दौरान लापरवाही बरते जाने से पेयजल आपूर्ति की पाइपलाइन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। नाली निर्माण के लिए सड़क किनारे गड्ढे खोदने के दौरान जेसीबी मशीन से नल-जल योजना के अंतर्गत बिछाई गई पाइपलाइन को काट दिया गया, जिससे दर्जनों परिवारों की पानी की आपूर्ति बाधित हो गई है। पाइपलाइन कट जाने के कारण ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए काफी दूर जाना पड़ रहा है। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि दूर से पानी लाने के बावजूद पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। इस टोले में पेयजल के लिए नलकूप की व्यवस्था नहीं है और जो नलकूप मौजूद हैं वे भी लंबे समय से खराब पड़े हुए हैं। ऐसे में पाइप लाइन के क्षतिग्रस्त हो जाने से अब घरों में लगाए गए नल भी बंद हो गए है जिससे क्षेत्र में पेयजल की संकट गहरा गया है और दूसरे क्षेत्र से पेयजल की व्यवस्था करने को मजबूर है।



क्षतिग्रस्त पाइप लाइन।



मरम्मत कराते ग्रामीण।

**आपसी सहयोग से करते है मरम्मत**

ग्रामीणों ने बताया कि नाली निर्माण के दौरान पहले भी कई बार पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो चुकी है। हर बार गांव के लोग आपसी सहयोग से अस्थायी रूप से मरम्मत कराते हैं, लेकिन निर्माण एजेंसी की लापरवाही के चलते समस्या फिर से उत्पन्न हो जाती है। ग्रामीणों द्वारा संबंधित अधिकारियों को कई बार समस्या से अवगत कराया लेकिन आज तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया जिसका खामियाजा क्षेत्र के लोगों को भुगतना पड़ता है।

**लापरवाही पूर्वक कर रहे काम**

इस संबंध में भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला महामंत्री अमरदीप मिंज ने बताया कि ठेकेदार द्वारा अत्यंत लापरवाही के साथ कार्य किया जा रहा है। नल-जल योजना के अंतर्गत बनी पाइपलाइन को बार-बार क्षतिग्रस्त किया जा रहा है, जिससे कई घरों में पानी की आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि पाइपलाइन तोड़ने के बाद ठेकेदार उसकी मरम्मत में कोई रुचि नहीं दिखाते जिससे लोगों की परेशानी और भी बढ़ गई है।

**ग्रामीणों ने की मरम्मत किए जाने की मांग**

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि दोषी ठेकेदार पर कार्रवाई की जाए तथा क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की तत्काल मरम्मत कर स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि क्षेत्र के लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके। ग्रामीणों ने मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन करने की बात कही।

# अमेरा खदान के परसोढ़ीकला से कोल उत्पादन कार्य पुनः शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

सरगुजा जिले के लखनपुर विकासखंड में संचालित एसईसीएल बिश्रामपुर की अमेरा ओपन कास्ट खदान से सोमवार के दिन से पुनः कोयला उत्पादन कार्य शुरू कर दिया गया है।

बता दें कि अमेरा खदान वर्ष 2001 से संचालित है,वर्ष 2018 तक नियमित उत्पादन के बाद खदान का विस्तार परसोढ़ीकला गांव में प्रस्तावित था, किंतु भूमि अधिग्रहण के बाद भी जमीन उपलब्ध नहीं हो पाने के कारण खदान का संचालन ठप्प हो गया था।

■ प्रबंधन के लिए राहत भरी खबर

गत वर्ष अमेरा के शेष बचे हुए पैच से कोयला उत्पादन शुरू किया गया था,लेकिन कुछ ही दिनों बाद भारी विरोध के बीच पुनः उत्पादन कार्य बंद करना पड़ा,बताया गया कि परसोढ़ीकला गांव में खदान विस्तार के लिए प्रबंधन वर्ष 2016 से ग्रामीणों को मुआवजा वितरण कर रहा था,इसके बावजूद कई ग्रामीण मुआवजा लेने के बाद भी भूमि पर दावा छोड़ने को तैयार नहीं थे साथ ही कई ग्रामीण अपनी भूमि देना नहीं चाह रहे थे,कोल उत्खनन कार्य के दौरान कई बार स्थिति तनावपूर्ण हो गई,जिसके चलते खदान का काम बार-बार बाधित होता रहा,गौरतलब है कि वर्तमान में प्रशासनिक दखल व बड़ी संख्या में पुलिस बल की मौजूदगी में 26 दिनों तक ओबी हटाने का कार्य लगातार चलता रहा,अब ओबी हटाने का कार्य पूर्ण होने के बाद सोमवार से खदान में कोयला उत्पादन दोबारा शुरू कर दिया गया है।

प्राप्त जानकारी अनुसार ग्रामीणों की नाराजगी के कारण वर्ष 2018 से अमेरा खदान में कोयला उत्पादन कार्य कई बार बाधित हो चूका है, जिससे एसईसीएल प्रबंधन को अब तक कई करोड़ रुपये के नुकसान होने का अनुमान है।कुछ दिनों पूर्व गत 3 दिसंबर को ग्रामीणों के साथ पुलिस की हुई हिंसक झड़प और बवाल के बाद राज्य शासन ने कलेक्टर विलास भोसकर का तबादला कर दिया, वहीं इस घटना के बाद लखनपुर थाना प्रभारी मनीष सिंह परिहार को पीएचक्यू अटैच कर दिया गया। अब कुछ दिनों पश्चात अमेरा खदान के पुनः कोल उत्पादन शुरू हो जाने से एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक ने राहत की सांस ली है।

उन्होंने बताया कि क्षेत्र का कोयला उत्पादन ग्राफ सुधरेगा, साथ ही वार्षिक उत्पादन लक्ष्य हासिल करने में मदद मिलेगी।

### असामाजिक तत्वों ने की तोड़फोड़ पुलिस से शिकायत

**अम्बिकापुर।** ग्राम करमहा में संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा स्थापित करने के लिए निर्मित चबूतरे को असामाजिक तत्वों ने तोड़ दिया। घटना से नाराज ग्रामीणों ने मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस से की है। ग्राम करमहा में डॉ.भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा स्थापित करने चबूतरा का निर्माण कराया गया था। सुबह चबूतरे को टूटा देख ग्रामीण हैरान रह गए। नाराज ग्रामीण सरपंच के नेतृत्व में कोतवाली थाना पहुंचे एवं असामाजिक तत्वों द्वारा इस तरह का कृत्य करने की बात कह मामले में कार्रवाई करने की मांग की । इस दौरान ग्रामीणों ने पुलिस अधिकारी को ज्ञापन सौंप आरोपियों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर कठोर कार्रवाई करने की मांग की।

# ग्राम लक्ष्मणगढ़ में अभा आदिवासी बिंझिया समाज का वार्षिक महासम्मेलन

**लखनपुर।** अखिल भारतीय बिंझिया समाज महासम्मेलन का राष्ट्रीय बैठक का आयोजन लक्ष्मणगढ़ में सम्पन्न हुआ। बैठक बिंझिया समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष भूवाल सिंह सिरदार सहित समाज के लोगों की उपस्थिति में हुई। कार्यक्रम की शुरूवात सर्वप्रथम मां भारती एवं समाज के धरती आंबा व पूर्वज भगवान गोपाल राय की छाया चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। स्वागत भाषण युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय सिरदार द्वारा दिया गया, तत्पश्चात बिंझिया समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष भूवाल सिंह सिरदार व सांसद चिंतामणि महाराज सहित समाज के प्रतिनिधि व क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने पुलिस आरक्षक में चयन हुए सभी आरक्षकों को सम्मानित किया। महा सम्मेलन में समाज को एकजुट होने की बात कही गई, नशा को दूर किया जाए, सहित समाज के अनेक कुरुतियों के बारे में चर्चा की गई। इस दौरान असम, उड़ीसा झारखंड, रायपुर सहित आसपास क्षेत्र के कई समाज के सामाजिक कार्यकर्ता के अलावा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज, विधायक प्रतिनिधि विजय अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, सरपंच संघ अध्यक्ष प्रदीप मरकाम, विधायक सिंह, प्रबोद सिंह, कन्हाई राम बंजारा, समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष भूवाल सिंह सिरदार, राष्ट्रीय सचिव हरदेव सिरदार व राष्ट्रीय युवा मोर्चा के अध्यक्ष विजय सिरदार, उपाध्यक्ष नरसिंह नारायण सिंह, राष्ट्रीय सलाहकार दिलीप साय सिरदार,राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष देवनारायण पटवारी, युमो सचिव कैलाश सिरदार, राष्ट्रीय युवा मोर्चा प्रवक्ता देवशरण सिरदार, युमो प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र सिरदार,श्रीमती नयन विजय सिरदार, अनीता सुरेश सिरदार, बुझन राम सिरदार, लाल बहादुर सिरदार, अनिल सिंह, राजेश्वर सिरदार सहित अन्य उपस्थित रहे।


■ आसाम, उड़ीसा, झारखंड, रायपुर सहित आसपास क्षेत्र के हजारों की संख्या शामिल हुए समाज के लोग



# अटल स्मृति वर्ष पर आयोजित कार्यक्रम में वार्ड वासियों ने किया भाजपा प्रवेश

**सूरजपुर।** भाजपा शहर मंडल द्वारा अटल के स्मृति वर्ष पर महुआपारा वार्ड मे आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम मे वार्ड के लगभग 45 लोगों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मराबी के जन कल्याणकारी योजनाओं से प्रभावित होकर भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा।

प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मराबी, रेडक्रॉस चेयरमैन बाबूलाल अग्रवाल एवं भाजपा जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी द्वारा शहर मंडल अध्यक्ष अरविन्द मिश्रा के नेतृत्व में भाजपा प्रवेश करने वाले श्रीमती ज्योति देवांगन, उषा देवांगन, संतोषी देवांगन, मानमती दास, विफल देवांगन, सुमित्रा देवांगन, सरिता देवांगन, रजमेन बाई, मानकुंवर बाई, पूजा देवांगन, पार्वती देवांगन, राधा, राजकुमारी साहू, कौशल्या साहू, सोनामती साहू, सीता सिंह, हिरामनी, इनजोरिया देवांगन, इन्दु देवांगन, सकुन यादव, सुनिता देवांगन, गंगावती, गंगाबाई, हिरमेन बाई, कुन्दन साहु, गीता देवांगन, प्रिया देवांगन, सुनिता देवांगन, बविता सिंह, चन्द्रमनी देवांगन, जयमुनिया देवांगन, सुमन दास, अनिता साहू, चांदनी दास, कृष्णा सिंह, पुर्णिमा देवांगन, देवू सिंह, पिंकी सिंह, ज्योति पनिका, चन्द्र रेखा पुरी, कमला देवांगन को भाजपा का पट्टा एवं पुष्प गुच्छ देकर भाजपा प्रवेश कराया गया। इस दौरान अजय अग्रवाल, शशिकांत गर्ग, मुकेश गर्ग, शैलेष अग्रवाल, प्रमोद तायल, राजू देवांगन,गौरीशंकर साहू, भूपेंद्र राजवाड़े, सत्यनारायण गुप्ता, धर्मवीर, संजू सोनी एवं अन्य कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।



# भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला प्रबंध समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

कलेक्टर एवं चेयरमैन भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के नेतृत्व में तथा रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन बाबूलाल अग्रवाल की उपस्थिति में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की जिला प्रबंध समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में रेडक्रॉस की सेवाओं को सुदृढ़ करने एवं उनका विस्तार गांव-गांव तक करने पर विस्तृत चर्चा की गई।

■ गांव-गांव तक पहुंचेगी रेडक्रॉस की सेवाएं

कलेक्टर ने कहा कि जिला प्रशासन रेडक्रॉस की सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जिले के सभी सरकारी एवं निजी महाविद्यालयों में यूथ रेडक्रॉस का गठन, पंजीकरण एवं सदस्यता अभियान तेज किया जाएगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्राइमरी से हाईस्कूल स्तर तक जूनियर रेडक्रॉस यूनिट्स बनाई जाएंगी। सभी स्कूलों एवं कॉलेजों में फर्स्ट-एड बॉक्स उपलब्ध कराए जाएंगे तथा हेल्पलाइन नंबर दीवारों पर चस्पा किए जाएंगे, ताकि दुर्घटना या आपात स्थिति में छात्र-शिक्षक तत्काल सहायता प्राप्त कर सकें। सीएसआर फंडिंग एवं जिला खनिज न्यास के सहयोग से नवीन लाइफ-सपोर्ट आईसीयू एंबुलेंस, 21-सीटर बड़ी एंबुलेंस तथा 2-सीटर मोबाइल ब्लड कलेक्शन यूनिट प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया। इससे दूरदराज क्षेत्रों के गंभीर मरीजों को त्वरित एवं आधुनिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी। बैठक में यह भी तय किया गया कि बाढ़, भारी बारिश, ओलावृष्टि एवं जलभराव जैसी आपदाओं के दौरान रेडक्रॉस द्वारा राहत सामग्री, प्राथमिक उपचार, एंबुलेंस एवं वॉलंटियर्स की सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। रेडक्रॉस एवं जीवनदीप समिति की सभी एंबुलेंस पर शुल्क सूची चिपकाए जाएगें। कैशलेस भुगतान व्यवस्था भी प्रारंभ की जाएगी। जिला मुख्यालय में तीन दिवसीय आवासीय मेगा हेल्थ कैंप आयोजित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही बैठक में वार्षिक बजट, आय-व्यय विवरण एवं ऑडिट पर गहन चर्चा कर सभी प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में संयुक्त कलेक्टर पुष्पेन्द्र शर्मा, वाइस चेयरमैन ओंकार पांडेय सहित अन्य सदस्य, जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



### नाम परिवर्तन सूचना

मैं चित्रकांत ध्रुव आ. श्री सुमेरी लाल ध्रुव, उम्र 41 वर्ष, निवासी ग्राम तरेंगा थाना व तहसील भॉटापारा जिला बलौदा बाजार, भॉटापारा (छ.ग.) मैं शपथपूर्वक कथन करता करता हूं कि मेरे आधार कार्ड क्र. 367411361196 में मेरा नाम चित्रकांत ध्रुव अंकित किया गया है। मेरे शैक्षणिक दस्तावेज/ प्रमाण पत्रों में मेरा नाम चित्रकांत अंकित किया गया है। चित्रकांत ध्रुव एवं चित्रकांत दोनों नाम मेरा ही है तथा दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है।

जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूं।

भवदीय
चित्रकांत ध्रुव
आ. श्री सुमेरी लाल ध्रुव
निवासी-ग्राम तरेंगा थाना व तहसील भॉटापारा जिला बलौदा बाजार, भॉटापारा (छ.ग.)

**न्यायालय, अपर कलेक्टर, अम्बिकापुर, जिला सरगुजा, (छ.ग.)**

राजस्व विविध प्रकरण क्रमांक 47/ब-121/2020-21

**// ईस्तहार/सूचना पत्र //**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के राजस्व विविध प्रकरण क्रमांक 47/ब-121/2020-21 में आवेदिका निशा शर्मा पत्नी ओंकार चन्द दत्त शर्मा निवासी नगर अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा आवेदन अंतगर्त धारा 165 (7ख) छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 के तहत (आवेदिका की शासकीय पट्टे की भूमि पर पुनः नाम दर्ज किये जाने बावत्) आवेदन पेश किया गया है। जिसमें आवेदिका को शासकीय पट्टा न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के राजस्व प्रकरण क्रमांक 05/अ-3/84-85 के तहत दिनांक 24.02.1992 प्रदाय किया गया है। जिसके वर्तमान राजस्व अभिलेखों में, अनावेदक बरन राम आ. बतीया ग्राम कृष्णापुर थाना व तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. का नाम दर्ज हो गया है।

जिसमें अनावेदक को सुनवाई हेतु जारी नोटिस अदम तामिल शुदा वापस हो गया है।

अतः अनावेदक बरन राम आ. बतीया ग्राम कृष्णापुर थाना व तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. को उपस्थिति हेतु अवसर प्रदान किया जाता है।

उक्त प्रकरण की अगामी सूनवाई तिथि दिनांक 21/01/2026 को निर्धारित है।

निर्धारित तिथि को आप स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित हो कर अपना पक्ष प्रकरण में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित सुनवाई तिथि के बाद इस प्रकरण में आपकी पक्ष सुनवाई का अवसर समाप्त कर दी जावेगी।

दिनांक 22/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी।

**अपर कलेक्टर**
**जिला सरगुजा (छ.ग.)**

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ
डॉ. आशीष कुमार जायसवाल — एम.डी.जनरल फिजिशियन
डॉ. हेमन्त कुमार बी — MBBS, DCH, DNB शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय — MBBS, DNB Ortho हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. सोनल गार्डिया — MBBS, MS(General Surgeon) जनरल एवं लैप्रोस्कोपी सर्जन
डॉ. मनोज भारती — MBBS, MS हाइड्रोसील,बवासीर,हार्निया,फिस्टुला स्तन की गांठ
डॉ. ओम प्रकाश पंडित — MBBS, DNB Ortho (Lilavati Hospital Mumbai) हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. प्रवीन कुमार सिंह — जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. नताशा शर्मा — स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ.जी.के.दामले — MS, ENT
डॉ. भावना गार्डिया — स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. रोशन आरा — एम.डी. रेडियो डायग्नोसिस
डॉ. हिमांशु गुप्ता — MD ONCO कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ. अखिलेश कुमार भारत — जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. कमल नारायण गुप्ता — श्वास,छाती एवं टी.बी.रोग विशेषज्ञ
डॉ. संदीप गुप्ता — MBBS, DCH मुंबई शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. अभिजीत भट्टाचार्य — जनरल फिजिशियन
डॉ. समीर श्रीवास्तव — हड्डी रोग विषेशज्ञ
डॉ. रिषभ गुप्ता — किडनी रोग विषेशज्ञ
डॉ. राहूल शामकांत जाधव — एम.बी.बी.एस.,एम.डी.पैथोलॉजिस्ट
डॉ. चन्द्रांशु त्रिपाठी — मूत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. आयुशी गुप्ता — न्युरो (पेन फिजिशियन)
डॉ. मीना राव — आडियोलॉजिस्ट एवं स्पीच थैरेपिस्ट
डॉ. सुरभि — BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology) दंत एवं मुख विषेशज्ञ
डॉ. हेमलता साहू — फिजियोथैरेपी
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करे 07774222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8715003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल MULTISPECIALTY HOSPITAL — CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
आपके शहर अम्बिकापुर में सुप्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.प्रज्ञा ओझा MBBS, DGO (OBS & GYN)
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.) |9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
स्त्री रोग से संबंधित सभी समस्याएं व उपचार
◆ गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
◆ प्रसूति (नार्मल वाम सिजेरियन) बांझपन का जाँच एवं ऑपरेशन
◆ बच्चेदानी निकालने का ऑपरेशन (चीरा रहित एवं दूरबीन पद्धति द्वारा)
◆ मोनोपॉज (रजोनिवृत्ति संबंधित बीमारियों का इलाज)
◆ मासिक संबंधित बीमारियों का इलाज
◆ स्तन की गांठ, कैंसर का ऑपरेशन
◆ बच्चेदानी के कैंसर का ईलाज

सरगुजा मार्केट

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
उपलब्ध सुविधाएं
दिनांक 19 दिसंबर 2025 दिन - शुक्रवार
• पथरी, प्रोस्टेट, पेशाब का ना होना
• गुर्दे व पेशाब के नली में पथरी।
• प्रोस्टेट बढ़ जाना।
• पेशाब के रास्ते का छोटा होना।
• किडनी, पेशाब थैली, अण्डकोष प्रॉस्टेट कैंसर
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy Uresurgeon)
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500 7240802000
दूरबीन पद्धति से मुत्र रोग बीमारियों की जांच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 03 जनवरी, 2026, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 03 जनवरी, 2026, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा।
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समयः- सुबह 09 बजे से 11 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

डॉ.संदीप गुप्ता — शहर के बेस्ट डॉक्टर्स की टीम के साथ
MBBS, DCH(Mumbai)
नवजात शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
चिकित्सक - वाडिया चिल्ड्रन हॉस्पिटल, मुंबई
20 बेड का अत्याधुनिक उपकरणों से लैस हॉस्पिटल
ICU | NICU | ऑपरेशन थिएटर | जनरल वार्ड
उपलब्ध सुविधाएं: • पैथोलॉजी लैब, फार्मेसी • क्रिटिकल केयर यूनिट • अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर • प्राइवेट वार्ड • जनरल वार्ड
नार्मल, सिजेरियन डिलेवरी, बच्चेदानी का ऑपरेशन, हार्निया हाइड्रोसिल, पथरी एवं समस्त प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा
यशोदा मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
खरसिया नाका, भारत माता चौक, रिंग रोड श्री लक्ष्मी हॉटल के पास अम्बिकापुर
अधिक जानकारी एवं पंजीयन हेतु संपर्क करें। 07774-319760, 8602490055, 6263860055

रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
डॉ.आशु जैन
MBBS, M.S., M.ch Neurologist
दिनांक 4 जनवरी, दिन रविवार
एसआरएस हॉस्पिटल — 10 बजे से 2 बजे तक
सीटी हॉस्पिटल नमनाकला, अम्बिकापुर — 12 बजे से 1 बजे तक
गायत्री हॉस्पिटल — 3 बजे से 7 बजे तक

## खबर संक्षेप

### सीनियर राष्ट्रीय गतका चैंपियनशिप में सरगुजा के दो खिलाड़ियों का चयन

**अंबिकापुर।** सीनियर राष्ट्रीय गतका प्रतियोगिता में सरगुजा के दो खिलाड़ियों का चयन किया गया है। चंडीगढ़ में आयोजित तीन दिवसीय प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। बता दें कि 9वीं सीनियर राष्ट्रीय गतका चैंपियनशिप 2025–26 का आयोजन 28 से 30 दिसंबर तक चंडीगढ़ में किया गया है। इस प्रतियोगिता के लिए सरगुजा जिले से दो खिलाड़ियों का चयन छत्तीसगढ़ प्रदेश गतका टीम में हुआ है, जो जिले के लिए गौरव का विषय है। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि छत्तीसगढ़ टीम के सीनियर वर्ग में सरगुजा जिले से सुष्मिता चौहान एवं शिवरतन का चयन उनके निरंतर अच्छे प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। सरगुजा गतका कोऑर्डिनेटर रजत सिंह ने कहा कि गांधी स्टेडियम स्थित बास्केटबॉल ग्राउंड में नियमित रूप से गतका का अभ्यास कराया जाता है, जहां से लगातार खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को आगे चलकर खेलो इंडिया जैसे आयोजनों में भाग लेने का अवसर भी मिल सकता है। इस अवसर पर द गतका एसोसिएशन सरगुजा के सभी पदाधिकारियों, प्रशिक्षकों एवं खिलाड़ियों ने चयनित दोनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



### श्री अग्रसेन प्रतिमा स्थापना आयोग के विजयराज बने प्रदेश संयोजक

**बिश्रामपुर।** अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन से संबद्ध छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन द्वारा विजयराज अग्रवाल को भगवान श्री अग्रसेन प्रतिमा स्थापना आयोग का प्रदेश संयोजक नियुक्त किया गया है,अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन से समबद्ध छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अशोक अग्रवाल रायपुर द्वारा विजयराज अग्रवाल की नियुक्ति की गई है,प्रदेश अध्यक्ष ने नियुक्ति प्रदान करते हुए विश्वास व्यक्त किया है कि विजयराज अग्रवाल के द्वारा पूरे प्रदेश के समस्त नगर पंचायत,नगर पालिका, नगर निगम एवं विकासखण्ड मुख्यालयों में भगवान महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा स्थापित हो। विजयराज अग्रवाल ने भगवान अग्रसेन की जीवनगाथा के बारे में बताते हुए कहा कि महाराजा अग्रसेन एक पूज्यनीय प्राचीन राजा थे,जो सामाजिक न्याय एवं सांप्रदायिक सद्भाव के सिद्धांतों के लिए जाने जाते थे। उन्हें अपने राज्य में समानता और कल्याण को बढ़ावा देने के प्रयासों के लिए याद किया जाता है,जिन्होंने अग्रवाल समुदाय के उद्यमशीलता और परोपकार के मुल्यों की नींव रखी,उनके नेतृत्व और सुधारों ने सामाजिक मुल्यों पर अमिट प्रभाव छोड़ा है,भगवान अग्रसेन द्वारा व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा देना उनके शासन का एक और महत्वपूर्ण स्तंभ था,उन्होंने आर्थिक गतिविधियों को सक्रिय रूप से प्रोत्साहित किया।



### मतरिगा पोलिंग बूथ में युवाओं ने सुनी मन की बात



**केदमा।** विकासखंड उदयपुर अंतर्गत रामगढ़ मंडल के मतरिंगा पोलिंग बूथ में युवाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात को बृजेश चतुर्वेदी के नेतृत्व में कार्यस्थल में ही सुना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 129 वीं बार मन की बात कार्यक्रम से देश को संबोधित किया। इस वर्ष का यह अंतिम मन की बात कार्यक्रम था। उन्होंने 2025 की उपलब्धियां के बारे में बात किया और 2026 में आने वाली नई चुनौतियों का भी जिक्र किया। साथ ही कहा की विकसित भारत बनाने में युवाओं का अहम भूमिका है और युवाओं की ओर ध्यान देना चाहिए।

### स्वास्थ्य शिविर में 88 महिलाओं ने कराया निःशुल्क परीक्षण




**बिश्रामपुर।** स्वस्थ नारी,सशक्त परिवार अभियान के तहत दशहरा मैदान,एसईसीएल अस्पताल के सामने शिवानी महिला मंडल द्वारा महिलाओं के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया,शिविर का आयोजन श्रद्धा महिला मंडल की अध्यक्षा शशि दुहन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ,कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए शिवानी महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती अल्पना सिंह ने कहा कि महिलाओं का उत्तम स्वास्थ्य ही सशक्त परिवार और मजबूत समाज की आधारशिला है,शिविर में महिलाओं की सामान्य स्वास्थ्य जांच,चिकित्सकीय परामर्श तथा निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। इस अवसर पर कुल 88 महिलाओं ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।कार्यक्रम को सफल बनाने में मंडल की सक्रिय सदस्य श्रीमती सुनीता कुमारी,जया रामन्ना, महिमा सिंह,निशा श्रीवास्तव एवं ज्योति शर्मा का विशेष योगदान रहा,शिविर में एएमओ डॉ यूएस बैठा,डॉ संगीता, डॉ सत्यपाल, डॉ हर्षवर्धन सहित अस्पताल के अन्य स्टाफ ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं और महिलाओं को आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया।

## लोगों को करना पड़ा परेशानी का सामना

# कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन की हड़ताल से कार्यालयों में लटका ताला, काम काज ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- धरना प्रदर्शन करने के साथ ही घोषणा पत्र में किए वादे को पूर्ण करने की मांग

महंगाई भत्ता समेत 11 सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन की हड़ताल से सरगुजा में काम काज ठप हो गया है। हड़ताल के कारण शासकीय कार्यालयों में ताला लटका रहा और काम प्रभावित रहा। हडताल के कारण दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस दौरान फेडरेशन ने अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन करने के साथ ही सरकार पर जमकर हमला बोला और मोदी की गारंटी के तहत घोषणापत्र में किए गए वादों को पूर्ण करने की मांग की।

बता दें कि केंद्र के समान महंगाई भत्ता प्रदान करने सहित 11 सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा चरणबद्ध आन्दोलन किया जा रहा है। आन्दोलन के तहत फेडरेशन ने मोदी की गारंटी के तहत चुनाव के दौरान किए गए वादों को पूर्ण करने की मांग को लेकर फेडरेशन ने ज्ञापन सौंपने के साथ ही सामूहिक अवकाश लेकर तीन दिवसीय हड़ताल की चेतावनी दी थी। इसी कड़ी में सोमवार को कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के बैनर तले शासकीय कर्मचारियों ने सामूहिक अवकाश लेकर हड़ताल में हिस्सा लिया। इस दौरान शासकीय कार्यालयों में ताला लटका रहा। कलेक्टोरेट परिसर में मौजूद कार्यालयों में भी वीरानी छाई रही जबकि अन्य विभागों के कर्मचारी भी हडताल में रहे। इस हड़ताल में शिक्षकों ने भी हिस्सा लिया जबकि स्वास्थ्य विभाग के लोगों ने भी इस हडताल को अपना समर्थन दिया और आन्दोलन में शामिल हुए। हड़ताल के कारण सरगुजा के साथ ही सूरजपुर, बलरामपुर जिले में भी कार्यालयों में काम काज ठप रहा। इस दौरा दूर दराज से आए हुए लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा और वे निराश होकर वापस लौटे। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की हड़ताल अगले दो दिन और जारी रहेगी।


धरना स्थल पर बैठे अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन के सदस्य।

### राजस्व न्यायालयों में बढ़ी तारीख

सोमवार से शुरू हुए तीन दिवसीय हड़ताल के कारण राजस्व न्यायालयों में भी कामकाज ठप रहा। हड़ताल के कारण अधिकारी-कर्मचारी कार्यालय नहीं पहुंचे। ऐसे में राजस्व प्रकरणों के के मामलों की सुनवाई नहीं हो पाई और बाहर से आए पक्षकारों को भी लौटना पड़ा। सुनवाई नहीं होने के कारण फिलहाल सभी प्रकरणों की तिथि बढ़ा दी गई है।

### इन मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन 11 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। संघ का कहना है कि चुनाव के दौरान सरकार के वादा किया था कि रुके हुए महंगाई भत्ता को प्रदान किया जाएगा। सरकार ने मोदी की गारंटी के तहत अपने घोषणा पत्र में वादा किया था लेकिन अब तक वादा पूर्ण नहीं किया गया। संघ ने डीए एरियर्स की राशि कर्मचारियों के जीपीएफ खाते में समायोजित करने, चार स्तरीय समयमान वेतनमानदेने, वेतन विसंगतियों को दूर करने पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक किया करने, दैनिक, अनियमित, संविदा कर्मचारियों को नियमित करने की ठोस नीति बनाने सहित अन्य मांगों को लेकर हड़ताल आन्दोलन किया है।

# ठंड व धुंध के बीच सिख समाज द्वारा निकाली जा रही प्रभात फेरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



खालसा पंथ के संस्थापक एवं सिक्खों के दसवें गुरू सरबंशदानी श्री गुरु गोबिंद सिंह साहेब जी के प्रकाश पर्व मनाने के उपलक्ष्य में सिक्ख समाज द्वारा नगर में प्रभात फेरी निकाली जा रही है,वर्तमान में पड़ रही कड़ाके की ठंड व धुंध के बावजूद दृढ़ आस्था के बीच समाज द्वारा रोजाना सुबह तड़के नगर में शबद कीर्तन कर गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा से सेवादारों के निवास तक भ्रमण कर प्रभात फेरी निकाली जा रही है,प्रबंधन कमेटी द्वारा बताया गया कि 29 दिसंबर दिन सोमवार से निरंतर पांच दिनों तक प्रभात फेरी निकाली जानी है,सोमवार को प्रथम प्रभात फेरी की सेवा सरदार जगदीश सिंह बग्गा परिवार की तरफ से आयोजित की गई,जहां साध संगत की मौजूदगी में गुरबाणी रूपी शबद कीर्तन किया गया एवं अरदास समाप्ति पश्चात प्रसाद नाश्ता वितरण किया गया,इस दौरान प्रबंधन कमेटी के दलजीत सिंह, जसबीर सिंह,मंजीत भामरा, रणबीर भामरा, गगनदीप सिंह बग्गा,इकजोत सिंह बग्गा, परमजीत सिंह,सुखदेव सिंह, सुविंदर सिंह, सुरजीत चावला,निंदर सिंह, गुरदीप माखीजा, मनप्रीत सोहल, इंदरराज भामरा, निंदर सिंह, प्रिंस ढिल्लों, मनी बग्गा, प्रिंसराज बग्गा उपस्थित रहे।



# भाजयुमो जिलाध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

भाजयुमो जिलाध्यक्ष बनने के बाद प्रथम आगमन पर निशांत सिंह सोलु का मंडल अध्यक्ष कौशलेंद्र गुप्ता इलु के नेतृत्व में रेस्ट हाउस परिसर में स्वागत किया गया। स्वागत पश्चात कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजयुमो को मजबूती प्रदान करने बूथ स्तर पर नये सदस्य बनाने होंगे ताकि बूथ स्तर पर भाजयुमो मजबूत हो सके। इसके अलावा बूथ स्तर पर बैठक करते हुए एसआईआर के सम्बंध में सभी को जागरूक करना होगा। कार्यक्रम को संबोधित करने के बाद शहीद भगत सिंह चौक में मुग़ल एवं हिंदुओ को लेकर दिए गए बयान के विरोध में भाजयुमो ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव का पुतला दहन किया। इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री नीरू मिस्त्री, जिला उपाध्यक्ष भाजयुमो आरडी चौहान, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष बतौली नरेंद्र पैंकरा, मैनपाट चंद्रप्रकाश आदित्य अग्रवाल, समीर बेहरा, प्रमोद ठाकुर, संजय बेहरा, विकास गुप्ता, विशाल गुप्ता, संजय यादव, चन्दर मिंज, ओम यादव, विवेक चौहान, सहदेव पैंकरा, विशाल गुप्ता, मंजीत गुप्ता, दिव्यांश गुप्ता, नंदकुमार, विकास एक्का, संकेत गुप्ता, किशन उपाध्याय, शौर्य सिंह, शिवम गुप्ता गोलू, जतिन गुप्ता, नवीन बड़ा सहित अन्य मौजूद थे।

# नववर्ष के आगमन पर पलटन घाट में उमड़ रही सैलानियों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

- नगर पालिका अध्यक्ष ने लिया साफ-सफाई का जायजा

शहर सीमा से लगभग एक किलोमीटर जिले का प्रमुख पर्यटन स्थल पलटन घाट नववर्ष के अवसर पर सैलानियों का पसंदीदा केंद्र बना हुआ है। यह पर्यटन स्थल रामचंद्रपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत लुरगी के अंतर्गत आता है। प्राकृतिक सौंदर्य और शांत वातावरण के कारण यहां हर वर्ष दिसंबर के अंत से ही पर्यटकों की आवाजाही बढ़ने लगती है।

नववर्ष के आगमन को लेकर संभावित भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए आज नपा अध्यक्ष रमन अग्रवाल, पार्षद सुमित गुप्ता, विजय रावत, अर्जुन दास एवं नगरपालिका कर्मचारियों की टीम के साथ पलटन घाट पहुंचे। उन्होंने पूरे घाट परिसर का निरीक्षण कर साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को समुचित स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुधीर कुमार के नेतृत्व में कर्मचारियों द्वारा समूचे पलटन घाट परिसर में व्यापक साफ-सफाई अभियान चलाया जा रहा है। गौरतलब है कि 20 दिसंबर के बाद से ही पलटन घाट में सैलानियों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है।

छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के साथ-साथ पड़ोसी झारखंड राज्य से भी बड़ी संख्या में पर्यटक यहां पहुंच रहे हैं। विशेषकर 1 जनवरी को यहां की स्थिति अत्यंत व्यस्त हो जाती है, जहां दोपहिया और चारपहिया वाहनों को काफी दूर पहले ही पार्क करना पड़ता है। हजारों की संख्या में सैलानी घाट परिसर में एकत्रित होते हैं। पलटन घाट की नैसर्गिक खूबसूरती, पत्थरों की अद्भुत कलाकृतियां और चट्टानों के बीच से कल-कल करती कनहर नदी पर्यटकों को विशेष रूप से आकर्षित करती है। नपा अध्यक्ष ने कहा कि सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें, गहरे पानी में जाने से बचें तथा बच्चों और बुजुर्गों को पत्थरों पर चढ़ने से रोकें। साथ ही उन्होंने पलटन घाट को साफ-सुथरा बनाए रखने में सहयोग करने की बात कही।


पलटन घाट की सफाई करते कर्मचारी।

### राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में सूरजपुर पारंपरिक वेशभूषा में हासिल किया प्रथम स्थान

**सूरजपुर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राज्य स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन 23 से 25 दिसंबर तक राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र, बहतराई बिलासपुर में किया गया। इस महोत्सव में प्रदेश के विभिन्न जिलों से चयनित प्रतिभागियों ने सहभागिता की। राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में सूरजपुर से जिला स्तरीय युवा उत्सव में प्रथम स्थान प्राप्त दल ने भाग लिया और विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विशेष रूप से पारंपरिक वेशभूषा प्रतियोगिता में सूरजपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में रण विकास सिंह आरमों ने प्रथम स्थान तथा वर्षा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।



# ग्राम झिंगादोहर जरूरतमंदों को बांटे कंबल व टोपी

**सोनगरा।** गायत्री परिवार द्वारा कड़ाके की ठंड में गरीब एवं असहाय परिवारों की सहायता हेतु एक सराहनीय सेवा कार्य किया गया। उप जोन संभाग प्रमुख प्रभारी भोला प्रसाद अग्रवाल के नेतृत्व में 29 दिसंबर को विकास खंड प्रतापपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत झींगादोहर के पंडो पारा स्थित झुग्गी-झोपड़ी बस्ती में वस्त्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं ने ठंड से जूझ रहे जरूरतमंद परिवारों को कंबल एवं गर्म टोपी वितरित की। भीषण ठंड के बीच आयोजित इस सेवा कार्य ने बस्ती में रहने वाले गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों के जीवन में राहत पहुंचाई और उनके चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने कहा कि गायत्री परिवार केवल आध्यात्मिक जागरण ही नहीं, बल्कि सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। सेवा, सद्भाव और समर्पण की भावना से किया गया यह कार्य समाज के अन्य संगठनों के लिए भी प्रेरणा स्रोत है। इस दौरान गायत्री शक्तिपीठ से जिला समन्वयक शिवशंकर कुशवाहा, अवधेश कुमार गोयल, पवन कुमार गर्ग, सरपंच सोनामनी अगरिया, रामायण गुप्ता, डीपी गुप्ता, शरद चंद्र द्विवेदी, श्रवण कुमार मिश्रा, अशोक सोनी, अनुराग द्विवेदी सहित गायत्री परिवार के कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।



### सर्वेश्वरी समूह द्वारा गर्म कपड़ों का वितरण

**अम्बिकापुर।** श्री सर्वेश्वरी समूह द्वारा पहाड़ी कोरवा व पण्डो जनजाति के बच्चों को गर्म स्वेटर एवं टोपी का वितरण किया गया। जिले में भीषण ठंड को देखते हुए दूरस्थ क्षेत्र में निवासरत आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चों को गर्म कपड़े, स्वेटर एवं टोपी, कंबल इत्यादि का वितरण किया गया। श्री सर्वेश्वरी समूह अम्बिकापुर के द्वारा आयोजित इस आयोजन में शहर के गणमान्य मेजर अनिल सिंह, समर विजय तोमर, दिग्विजय सिंह ने लखनपुर ब्लॉक के ग्राम डांडकेशरा में वहा निवासरत पण्डो एवं पहाड़ी कोरवाओं के बच्चों को टोपी, गर्म स्वेटर व कंबल आदि का वितरण भीषण ठंड से बचने हेतु किया गया। इस अवसर पर श्री सर्वेश्वरी समूह से जुड़े मानवेन्द्र प्रताप सिंह, राकेश सिंह, प्रभाकर सिंह, हीरा लाल ताम्रकर, आरएन सिंह, सुमित व अन्य सहित ग्राम डांडकेशरा के सरपंच व ग्रामीण भी उपस्थित थे।



# नगर के पंचदेव बस्ती द्वारा किया गया हिंदू महासम्मेलन, बड़ी संख्या में शामिल हुए लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

हिंदू जन जागरण समिति पंचदेव बस्ती द्वारा हिंदू महासम्मेलन का आयोजन दुर्गा पंडाल में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में समरसता स्थापित हो इस हेतु किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह जिला कार्यवाह विजय शर्मा ने कहा कि संघ के शताब्दी वर्ष की उपलक्ष्य में समाज द्वारा हिंदू महासम्मेलन का आयोजन हिंदू समाज में समरसता का भाव प्रकट करने, भेद, भिन्नता को समाप्त करने और अपनी संस्कृति, परंपरा के प्रति गौरवान्वित अनुभव करें। इस प्रकार के आयोजन देश के प्रत्येक मंडल, नगर बस्ती पर देखने को मिल रहा है। पंच परिवर्तन के पांच बिंदु सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, स्व आधारित जीवन एवं नागरिक कर्तव्य बोध को समाज अपने जीवन में आत्मसात करें। मातृ शक्ति के रूप में उपस्थित डॉ शिवांजलि सिंह ने परिवार में संस्कार, संयुक्त भाव, परिवार को जोड़ने सहित अन्य बिंदुओं पर जोर दिया। इस दौरान दिनेश गुप्ता, बजरंग जैन, अंकुर तिवारी, मुकेश गर्ग, शैलेश गोयल, भोला शंकर साहू, अंकित कोशरिया, प्रदीप देवांगन, आकाश राजपूत, अजय सिंह, बजरंग राजवाड़े सहित अन्य मौजूद रहे।




### ग्राम देवनकरा में हुआ भव्य हिन्दू महासम्मेलन

**प्रतापपुर।** ग्राम दवनकरा में आयोजित हिंदू धर्म महासम्मेलन अनुशासन और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। महासम्मेलन में बड़ी संख्या में संत-महात्मा, समाजसेवी, युवा एवं मातृशक्ति शामिल हुए। इसके अलावा कर्मा, शैला पारंपरिक लोक नृत्य की सहभागिता देखने को मिली। महासम्मेलन का मुख्य उद्देश्य सनातन धर्म की मूल भावना, भारतीय संस्कृति के संरक्षण, सामाजिक समरसता एवं राष्ट्र हित के प्रति जागरूकता फैलाना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि हिंदू धर्म मानवता, सेवा, सहिष्णुता और सद्भाव का मार्ग दिखाता है। इस अवसर पर धर्म, संस्कृति, शिक्षा और समाज से जुड़े विभिन्न विषयों पर सारगर्भित विचार रखे गए। वक्ताओं ने युवाओं से अपने संस्कारों को अपनाते हुए समाज और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की बात कही। महासम्मेलन के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं धार्मिक आयोजनों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया।



### ग्राम पंचायत सलका में हुआ हिन्दू समागम कार्यक्रम

**प्रेमनगर।** संघ के सौ वर्ष पूर्ण होने पर हिन्दू समाज द्वारा पूरे देश भर में हिन्दू समागम, सम्मेलन का का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी तारतम्य में प्रेम नगर विकास खंड के ग्राम पंचायत सलका में हिन्दू समाज द्वारा हिन्दू समागम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और वक्ता अरुण कुमार, विजय साहू, बबलू साहू, मुकेश दुबे,टेशमान,अनिता दास द्वारा भारत माता के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात स्थानीय बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं श्लोक, गीत का वाचन किया गया। मुख्य वक्ता अरुण कुमार द्वारा सनातन हिन्दू संस्कृति के दर्शन तथा संगठन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि धर्मान्तरण जैसी समस्या हमारे समाज के सजगता के कमी के कारण उत्पन्न हुई है। इसको मिलकर दूर करना होगा। पंच परिवर्तन के सामाजिक जागरण के पथ चलकर ही हमारे घर संस्कार तथा राष्ट्र हितों की रक्षा किया जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन बबलू साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान हरिचरण, विनोद, गोकुल, धनी राम, नयन साय, सियम्बर, बिहारी, बसंत, राम उदय, केशव, जय राम सहित महिला पुरुष तथा बच्चे उपस्थित थे।



## बिजनेस प्लस

### नए साल के अवसर पर संस्था में उपलब्ध हैं विभिन्न प्रकार के मिठाईयां

**अम्बिकापुर।** बनारस रोड पीजी कॉलेज ग्राउंड के सामने स्थित संगम डेनिनिट्स के संचालक ने बताया कि नव वर्ष के अवसर पर संस्थान में शुद्ध शाकाहारी केक, शुद्ध खोवे छेने की मिठाइयां, शुद्ध शाकाहारी भोजन, मिठाइयों के गिफ्ट पैक के अलावा विभिन्न प्रकार के चॉकलेट, शादी पार्टी के ड्राई फ्रूट, गिफ्ट पैक ग्राहकों के सेवा अनुरूप उच्च क्वालिटी के सभी सामान उपलब्ध है।



हरिभूमि आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्प्लेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736